दिन– मंगलवार दिनांक– 11 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

बिहार पुलिस में सिपाही के उन्नीस हजार आठ सौ अड़तीस पदों पर नियुक्ति होगी। केंद्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसमें छह हजार सत्रह पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। आवेदन की प्रक्रिया अठारह मार्च से शुरू होगी। आवेदन की अंतिम तिथि अठारह अप्रैल निर्धारित है। विशेष जानकारी पर्षद की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

————————————————————————————

केंद्र सरकार अगले तीन साल में देश के हर जिले में डे केयर कैंसर सेंटर खोलेगी। आज राज्यसभा में एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि दो हजार पच्चीस–छब्बीस में दो सौ डे केयर कैंसर सेंटर खोले जाएंगे। हाल ही में आई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए श्री नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत–पीएम जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन से कैंसर रोगियों का स्क्रीनिंग के तीस दिनों के भीतर उपचार शुरू हो जाता है।

————————————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि प्रदेश में अलग अलग नियमों के तहत गठित भाषाई अकादमियों का एकीकरण किया जायेगा। विधान सभा में एक प्रश्न के उत्तर में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि मैथिली, मगही, भोजपुरी और बांग्ला भाषा अकादमियों की स्थिति अच्छी नहीं है। शिक्षामंत्री ने कहा कि इन अकादमियों के लिए कुल मिलाकर छिहत्तर पद स्वीकृत हैं, लेकिन रिक्त पदों के लिए अलग अलग मानक के कारण नियुक्तियों में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पदों के युक्तिकरण का निर्णय किया है और बिहार राज्य कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से अब नियुक्तियां की जायेंगी। भाजपा के अमरेंद्र प्रताप सिंह के प्रश्न के जवाब में मंत्री ने कहा कि सरकार के फैसले से प्रशासनिक और वित्तीय कमियों को दूर करने में मदद मिलेगी और नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता आयेगी।

——————————————————————————

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि प्रदेश में उच्चतर शिक्षण संस्थानों में शोध और अनुसंधान को बढावा देने के लिए प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान, पीएम उषा के तहत तीन सौ अड़सठ करोड़ रुपये की सहायता राशि मिली है। विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद, नैक से मानकीकरण की समस्या का समाधान इस वर्ष अप्रैल—मई महीने तक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष फरवरी में नैक द्वारा शिक्षा विभाग को सूचित किया गया है कि अब अलग मानकों के स्थान पर नये सिरे से नैक और गैर नैक दो श्रेणी होगी।

——————————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि राज्यकर्मियों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने पर काम चल रहा है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने एक प्रश्न के उत्तर में विधान परिषद में ये जानकारी दी। श्री पांडेय ने कहा कि वित्त और स्वास्थ्य विभाग ने इस पर चर्चा की है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर अगले वित्तीय वर्ष में समाधान निकाल लिया जायेगा।

——————————————————————————

नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने राजद नेता तेज प्रताप यादव और उनकी बहन हेमा यादव को जमानत दे दी है। इसके अलावा कई अन्य आरोपियों को भी इस मामले में जमानत मिली है। इन सभी को पचास—पचास हजार रूपये के निजी मुचलके पर जमानत दी गयी।

——————————————————————————

पुरवा हवा के प्रभाव से राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार तैंतीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गोपालगंज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी हो सकती है।

——————————————————————————

मधेपुरा जिले के उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के झलारी गांव के पास एक पिकअप वैन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। तीनों एक ही परिवार के थे।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।